**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 27.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर बजट बाद वेबिनार को संबोधित करेंगे।
- नागर विमानन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों के लिए टिकट रिफंड नियमों में संशोधन किया है।
- द्वीपों में कुशल जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
- एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से एचआईवी और एड्स पर जानकारी देने के लिए विशेष आई ई सी वैन अभियान शुरू किया गया है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर बजट बाद वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस वेबिनार में सार्वजनिक पूंजी व्यय, बुनियादी ढांचा, बैंकिंग सेक्टर सुधार, वित्तीय सेक्टर प्रबंधन, पूंजी बाजारों की मजबूती और कर सुधारों के जरिए जीवन सुगमता जैसे विषयों पर विचार–विमर्श होगा। केन्द्रीय बजट 2026–27 के प्रमुख विषयों पर बजट बाद आयोजित होने वाले वेबिनारों की श्रृंखला में यह पहली ऑनलाइन संगोष्ठी है। इन संगोष्ठियों का उद्देश्य पिछले अनुभवों से लाभ लेना और प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया प्राप्त करना है, ताकि व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर बजट घोषणाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। वेबिनार में उदयोग जगत, वित्तीय संस्थान, बाजार, सरकार और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

<><><><><><><><>

नागर विमानन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों के लिए टिकट रिफंड नियमों में संशोधन किया है। अब यात्री टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर कुछ शर्तों के साथ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द कर सकते हैं या बदल सकते हैं। सीधे विमानन कंपनी की वेबसाइट से बुक किए गए टिकट में यदि यात्री बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम में गलती की सूचना देता है, तो सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि टिकट किसी ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया है तो रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइंस की होगी। विमानन कंपनी को रिफंड प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी करनी होगी। इसके अलावा, यात्री को मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किए गए है।

<><><><><><><><>

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड–सेबी ने अपने विनियमित सभी संस्थाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर बाजार से संबंधित सामग्री पोस्ट करते समय अपना पंजीकृत नाम और पंजीकरण संख्या प्रमुखता से दर्शाने का निर्देश दिया है। आज जारी परिपत्र के माध्यम से सेबी का यह निर्देश स्टॉक ब्रोकरों, पोर्टफोलियो प्रबंधकों, म्यूचुअल फंडों के साथ ही वितरकों सहित मध्यस्थों और एजेंटों पर भी लागू होगा। नए नियम एक मई से प्रभावी होंगे। यह निर्देश खुले प्लेटफॉर्म सहित सोशल साइट जैसे प्लेटफॉर्म पर बंद या अर्ध–बंद समूहों में साझा होने वाले वीडियो, लिखित पोस्ट और अन्य प्रकाशित सामग्री पर लागू होंगे।

<><><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 'वन हेल्थ सिनर्जी:सतत भविष्य के लिए मानव, पशु, पादप और जलीय जीवन का एकीकरण' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का कल समापन हो गया। इस अवसर पर क्यारी, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. ए. के. नायक मुख्य अतिथि, जबकि अपर महानिदेशक डॉ. ए. वेलमुरुगन, वन्य जीव प्रभाग के मुख्य वन संरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन और पशुपालन विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. सुनीता रॉय विशिष्ट अतिथि थीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कुपोषण और एनीमिया जैसी गैर–संचारी समस्याओं को 'वन हेल्थ' ढांचे में शामिल करने और जैव–संवर्धन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा मजबूत करने पर बल दिया। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में देशभर से कुल 194 प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें कुल 145 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><><>

द्वीप समूह में जल की बर्बादी को रोकने और कुशल जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पाइपलाइन में लीकेज की पहचान कर उसे ठीक करना, सार्वजनिक जागरूकता और जल संरक्षण की संस्कृति को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देना है। पूरे द्वीपसमूह में पाइपलाइन की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं। वितरण प्रणाली में रेगुलेटरी वाल्वों का अनुकूलन और पाइपलाइनों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में 'वॉटर बजटिंग' और जल संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 'पानी समितियों' और 'ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों'की बैठकें आयोजित कर जन–भागीदारी को मजबूत किया जा रहा है। तीनों जिलों में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन का भी संचालन किया गया। विभाग ने नागरिकों से जलापूर्ति लाइन में लीकेज दिखाई देने पर संबंधित APWD कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर 231179 पर सूचित करने की अपील की है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से दक्षिण अंडमान के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एचआईवी और एड्स के प्रति सही जानकारी पहुँचाने के लिए एक विशेष आई ई सी वैन अभियान शुरू किया गया है। स्वास्थ्य सचिव वंदना राव ने कल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह 6 दिवसीय अभियान 2 मार्च तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। वैन में चमकदार डिस्प्ले बोर्ड और एक सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली लगी है। अभियान के मुख्य उद्देश्य एचआईवी के संचरण के तरीकों और रोकथाम के उपायों, लोगों को एचआईवी परीक्षण के लिए प्रोत्साहित, देखभाल और उपचार की जानकारी देना है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा ने शीघ्र परीक्षण और समाज में एचआईवी प्रभावितों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने पर जोर दिया। उप निदेशक डॉ. जहांआरा यासमीन ने कार्यक्रम के लक्ष्यों को साझा किया।

<><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने एनसीसी की नौसेना और थल सेना इकाइयों के साथ मिलकर एनसीसी कैडेटों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन भवन के प्रशिक्षण हॉल में कल से शुरू हुए इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेटों को जीवन रक्षक कौशल से लैस करना और द्वीपों में आपदा के दौरान उन्हें प्राथमिक प्रतिकिया दल के रूप में तैयार करना है। प्रशिक्षण में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों सत्र शामिल हैं, जिन्हें आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ और अग्निशमन सेवा के विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में लगभग 180 कैडेट भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण आगामी हफ्तों में अन्य एनसीसी इकाइयों के लिए भी निरंतर जारी रहेगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा विज्ञान संस्थान–अनिम्स ने डिजिटल पहुंच और संचार को बेहतर बनाने के लिए अपनी वेबसाइट को नए आधिकारिक डोमेन aniims.andamannicobar.gov.in पर स्थानांतरित कर दिया है। अब से सभी आधिकारिक सूचनाएं, शैक्षणिक अपडेट, भर्ती सूचनाएं, निविदा घोषणाएं, परीक्षा विवरण और अस्पताल सेवाओं की जानकारी केवल नई वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी। यह स्थानांतरण सरकारी वेबसाइटों को सुरक्षित और एकीकृत प्लेटफॉर्म के तहत मानकीकृत करने की भारत सरकार की नीति के अनुरूप है। सभी छात्रों, चिकित्सा पेशेवरों और जनता को भविष्य के सभी अपडेट के लिए नई वेबसाइट का उपयोग करने को कहा गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह आयुर्विज्ञान संस्थान–अनिम्स में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए एम डी और एम एस पाठ्यक्रमों की खाली पड़ी सीटों पर होने वाले परामर्श की तिथि कल तक के लिए बढ़ा दी गई है। इच्छुक उम्मीदवारों को सुबह नौ बजे अनिम्स के न्यू कैंपस, काउंसिलिंग प्रशासनिक भवन में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा आयोजित वन रेंजर की लिखित परीक्षा की अंतिम उत्तर पुस्तिका जारी कर दी गई है। पात्र उम्मीदवार अपने उत्तर पुस्तिका प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर देख सकते हैं।

<><><><><><>